on the Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General of India thereon.

(ii) Review by Government on the working of the Corporation.

II. Statement (in English and Hindi) giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at I (i) above.

[Placed in Library. *Sen* No. LT-1494/85 f-r (i) and (ii)]

A matter of Urgent Public Importance Calling Attention to immediate need to pay remunerative prices to sugarcane growers for their produce in view of fall in production of sugar

MR. CHAIRMAN: Calling Attention. Shri Kalpnath Rai.

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : सभापति महोदय, आप की आज्ञा से मैं देश में चीनी के उत्पादन में गिरावट को ध्यान में रखते हुए मुझा उत्पादकों को उन की उपज के लिये लाभकारी मूल्य प्रदान किये जाने की तत्काल आवश्यकता तथा इस विषय में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही की ओर खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री का ध्यान दिलाता हूं।

THE MINISTER OF STATE OF THS- MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI K. P. SlNGH DEO): Sir, In the first instance, I would like to thank the Hon'ble Members of this House for providing this opportunity to discuss this important subject as well as to share Government's thinking and clarify its actions in the matter of ensuring remunerative prices to the sugarcane growers and for reversing the downward trend in sugar production- which had been somewhat slugglish during the last two years.

The Central Government fixes the statutory minimum prices of sugarcane payable by vacuum pan sugar factories. The sugar industry, as Hon'ble Members are aware, utilises a little over l/3rd of the total cane crop, while the rest of it goes mostly tor use in the unorganised sectors. While fixing the statutory minimum prices of sugarcane, the cost of production of sugarcane, the return to, the grower from alternative crops and the general trend of prices of agricultural commodities, the recovery of sugar from sugarcane apart from other factors are taken into consideration. The crux of the policy followed by the Central Gopernment lies in strinking a harmonious balance between the interests of growers of sugarcane- producers of sugar and its consumers. It is considered that a further increase in the statutory minimum price would necessitate a further upward revision of the levy sugar price, which would be against the interests of the whole population including the vulnerable sections.

The prices fixed by the Central Government ar; only floor prices below which no producer of sugar can pay. They primarily safeguard growers from) exploitation in a year of glut in sugarcane production.

For the sugar season 1985-86, the statutory minimum price has been fixed at Rs. 16.50 per quintal linked to a recovery of 8.5 per cent. This marks an increase of Rs. 2.50 per quintal over, the minimum price fixed for the last season. I am confident that the Hon'ble Members will appreciate the fact that this was the price recommended by the Commission of Agricultural Costs and Prices, the expert body on agricultural costs and. prices. Apart from this, Government have also announced the statutory-minimum price for the season 1986-87 as Rs. 17 per quintal in order to enthuse the farmers to grow more sugarcane and have thus met a longstanding demand of the agriculturists aa well as some of the Hon'ble Members to announce sugarcane prices in advance of commencement of the planting season. This substantial Increase in the statutory minimum price ot!

[Shri K. P. Singh Deo]

sugarcane coupled with a change in the ratio of levy to levy-free sugar from 65:35 to 55:45, is calculated to improve the liquidity position of the sugar producers so that they can pay higher competitive and remunerative prices to the sugarcane growers.

The improvement in the liquidity position *oi* the sugar industry is also expected to minimise the overall level of cane price dues. The Hon'ble Members might perhaps be aware that by effective monitoring and constant persuation- the Government have already achieved reasonable success in reducing the level of cane price arrears which stand at 2.1 per cent (or Rs. 26^75 crores) as on 15-10-1985 as against 4 per cent (or Rs. 46.07 crores) as on the corresponding date last season.

The statutory minimum cane price fixed by the Central Government has relevance in the context of fixation of the levy price for 55 per cent of the production which is sold to the consumers through the Public Distribution System. Though the statutory minimum prices fixed provide for an element of return to the growers in practice the growers get much higher prices than the statutory minimum. In West U.P., for example, the mills are paying Rs. 24 per quintal this season. Other areas of U.P. and Bihar have been advised by the State Governments to pay a price of Rs. 23 per quintal. In Harayana a price of Rs. 24/- per quintal has been announced by the State Government.

There is also a provision in the Sugarcane (Control) Order, 1966, popularly known as the Bhargava Sharing Formula- according to which, the mills have to give to the growers half of certain excess realizations they make from the sale of free-sale sugar, in the shape of additional cane price. In actual practice, there has generally been hardly anything to share in this way because the mills . pay much higher prices than the minimum price and the additional price taken together.

The Central Government advises the State Governments from time to time to ensure that the actual cane prices fixed are also paid to the growers timely. Effective monitoring is ensured in this regard but the responsibility for payment of remunerative actual cane prices, rests primarily,, with the State Governments.

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं]

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, मैं आपको देश के करोड़ों किसानों की तरफ से धन्वाद देता हूं कि आपने गन्ना किसानों के संबंध में प्रश्न उठाने का मौका दिया ।

महोदया, चीनी उद्योग देश का दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। गन्ना क्षेत्र एवं उत्पादन की दृष्टि से आज भी भारत संसार में अग्रणी है परन्तु चीनी उत्पादन में अपना स्थान खोता जा रहा है । हमने 1981–82 एवं 1982–83 में देश में में चीनी का उत्पादन क्रमशः 84 लाख टन एवं 82 लाख टनकर विश्व में पहला स्थान प्राप्त किया था तथा चीनी का निर्यात कर विदेशी मुद्रा भी अर्जित की थी एवं दस लाख टन चीनी का बफर स्टाक भी बनाया था ताकि कठिन समय में चीनी के बढ़ते भावों पर नियंत्रण स्थापित हो सकें ।

किसानों के कठोर परिश्रम से चीनी के अधिक उत्पादन एवं बफर स्टाक से प्रभावित होकर केन्द्र सरकार ने गन्ना किसानों की उपेक्षा की, परिणामस्वरूप गन्ने का क्षेत्रफल एवं चीनी का उत्पादन लगातार गिरता गया। पहली अक्तूबर 1983 को चीनी का कैरीओवर स्टाक 46 लाख टन था जो 1–10–85 को घटकर 16 लाख टन हो गया, दूसरी ओर चीनी की खपत 83 लाख टन हो गई परंत 1984–85 में चीनी का उत्पादन केवल 61 लाख टन हो गया। चीनी के उत्पादन में घाटे का मुख्य कारण किसानों को लाभप्रदमूल्य का न दिया जाना है । देश में चीनी की बढ़ती माग की आपूर्ति करने एवं भावों पर नियंत्रण रखने की दृष्टि

से सरकार को चालू वर्ष में 19 लाख टन चीनी का 450 करोड़ की चीनी का विदेशों से आयात करना पड़ा। उसमें पचास हजार टन चीनी का नीलाम प्रतिमास भी सरकार ने कराया किन्तु फिर भी भाव नियंत्रित नहीं किये जा सके।

चीनी उत्पादन में प्रथम स्थान रखने वाला देश, विदेशी मुद्रा गंवाकर चीनी का आयात करे यह सरकार की दोषपूर्ण नीति का परिणाम है। केन्द्र सरकार ने सीजन के बीच दो बार 1-2-1984 एवं 1-4-1985 को लेवी चीनी के मूल्यों में क्रमशः 25 एवं 40 प्रतिशत प्रति क्विंटल की वृद्धि कर एवं उत्पादन कर एवं श्रमकर में भी मिल मालिकों को छूट दी परन्तु फिर भी चीनी का उत्पादन बढ़ने के बजाय गिरता रहा। इसका मुख्य कारण उत्पादक किसान की उपेक्षा एवं उसे लाभ प्रद मूल्य का न दिया जाना है।

सरकार ने स्व० श्रीमती इन्दिरा गांधी की अध्यक्षता में 12 मार्च, 1980 को कैबिनेट की मीटिंग में नीतिगत निर्णय लिया और औद्योगिक सामानों यानि कारखानों में पैदा होने वाली वस्तुओं एवं खेतों के पैदा होने वाली वस्तुओं के दामों में पैरीटी (संतुलन) स्थापित की जायेगी। क्या हुआ ? सन् 1980 में लोहे का दाम सरकार ने एडमिनिस्टर्ड प्राइस तय किया।

सन् 1985 में सरकार ने गन्ने का मूल्य 22रू० क्विंटल तय किया। सन 1985 में गन्ने का दाम 24 रू० किया गया। क्या यही संतुलन का सिद्धांत है?

मैं सरकार से कुछ सवाल पूछना चाहता हूं :

1. क्या सरकार किसानों को गन्ने का मूल्य कम से कब तीस रूपये प्रति क्विंटल देगी? क्योंकि उत्पादन लागत में बेतहासा वृद्धि ई हैं।

2. क्या सरकार किसानों के गन्ने का मूल्य का भुगतान तुरन्त कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी क्योंकि गन्ने का मूल्य सालों बकाया रह जाता है इससे किसान हतोत्साहित हो कर मिलों को गन्ना नहीं देता हैं इस कारण मिले घाटे में चलती हैं?

3. मूल्य न मिलने का कारण ही किसान को मजबूर हो कर कम-कीमत में गन्ना क्रैशर मालिकों को बेचना पड़ता है या खुद पैराइ करके गुड़ बनाना पड़ता है। दोनों दशाओं में घाटा होता है, इससे गन्ना कम बोया जाता है।

4. क्या सरकार यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि किसानों को उन्नतिशील किस्म के बीज एवं अन्य प्रोत्साहन दिये जा सके जिससे वे गन्ना अधिक से अधिक बोये?

5. क्या सरकार गन्ना-मिलों में पैदा होने वाले सिरे या मोलेसेस को उचित मूल्य पर बेचने की व्यवस्था करेगी जिससे मिलों का घाटा कम हो सके।

6. क्या सरकार चीनी मिल के क्षेत्र में किसानों को गन्ना उत्पादन के लिये समुचित सिचाई की व्यवस्था एवं पानी निकासी की व्यवस्था करेगी ताकि गन्ने का उत्पादन बढ़ सके?

7. क्या सरकार को इस बात की जानकारी हैं कि इस वर्ष गन्ने का क्षेत्रफल पिछले वर्ष की तुलना में चार लाख हेक्टर कम हुआ है क्योंकि लाभप्रद मूल्य न मिलने के कारण किसान गन्ने की खेती छोड़ कर दूसरी खेती करने लगे हैं ?

8. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि किसानों को लाभप्रद मूल्य न मिलने के कारण चीनी का उत्पादन 84 लाख टन से घटकर 61 लाख मैट्रीक टन हो गया हैं क्योंकि लाभप्रद मूल्य न न मिलने से किसानों को दूसरी फसल बोनी पड़ रही है।

9. क्या सरकार को इस वर्ष 19 लाख टन चीनी विदेशों से मंगानी पड़ी

[श्री गजेन्द्र राव]

है? क्योंकि किसानों को लाभप्रद मूल्य न मिलने के कारण गन्ने का उत्पादन कम हुआ है। क्या 450 करोड़ रुपये की चीनी विदेश से नहीं मंगानी पड़ी है?

10. क्या सरकार गन्ना मिलों का राष्ट्रीयकरण करेगी? जैसा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सन् 1969 में बम्बई अधिवेशन में गन्ना मिलों के राष्ट्रीयकरण का सर्वसम्मत निर्णय स्व० श्रीमती इंदिरा गांधी ने नेतृत्व में लिया था।

11. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गन्ने की खेती से एवं गन्ना मिलों के बाई प्रोडेक्टस से 22 प्रकार के अन्य कारखाने स्थापित हो सकते हैं?

12. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गन्ना बोने वाले किसान पूरे देश में सरकारी कर्जे के बोझ से लदे हुए है? क्या सरकार गन्ना बोने वाले किसानों की माली हालत का सर्वे करायेगी, जो कर्ज में पैदा होते हैं, कर्ज में जीते हैं एवं कर्ज में ही मर जाते हैं?

13. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस वर्ष गन्ना किसानों ने प्रति हेक्टर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल कम किया है क्योंकि किसानों में रासायनिक उर्वरक खरीदने की क्रय शक्ति घटी है?

14. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अन्तर्राष्ट्रीय मानदंड के मुताबिक हिन्दुस्तान में प्रति व्यक्ति चीनी का उपभोग दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा सबसे कम है?

15. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गन्ने का उत्पादन प्रति हेक्टर दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा कम है? क्योंकि एक तरफ किसान उन्नतिशील बीज का उपयोग नहीं कर पा रहा है एवं दूसरी तरफ प्रति हेक्टर खाद का उपयोग भी कम कर रहा है।

16. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उन्नतिशील किस्म के गन्ने की पैदावार के लिये रिसर्च एवं डेवलपमेंट पर बहुत कम रुपया खर्च हो रहा है?

17. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आज तक एग्रीकल्चर कास्ट एवं प्राइस कमीशन का गठन नहीं हुआ है? जब कि प्रधान मंत्री ने कमीशन के गठन की घोषणा एक साल पहले की थी एवं भारत एक कृषि प्रधान देश है?

18. क्या सरकार बतालायेगी कि सन् 2000 तक हमारी चीनी की आवश्यकता कितनी होगी? इस लिहाज से सातवीं पंचवर्षीय योजना में कितने नये चीनी उद्योग बनाये जा रहे हैं?

19. क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस वर्ष नेशनल रिक्वायरमेंट आफ सुगर 83 लाख मीट्रिक टन है तो इस साल उत्पादन का अनुमान क्या है? हमें इस साल बाहर से कितनी चीनी मांगनी पड़ेगी एवं उसमें कितनी विदेशी मुद्रा खर्च होगी?

20. क्या सरकार गन्ना मिलों का नया लाइसेंस देते वक्त गन्ने पर आधारित चीनी के अलावा अन्य प्रोडक्ट का भी लाइसेंस देगी ताकि चीनी के कारखाने घाटे में न चल सके?

21. हमारे देश में अलग-अलग एग्रीक्लाइमेटिक जोन हैं, जहां की जलवायु एवं जमीन की किस्म अलग-अलग होने के कारण गन्ने के उत्पादन का अलग-अलग परिणाम होता है। इस लिहाज से अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकार का अनुसंधान केन्द्र होना चाहिये। सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है? क्योंकि सातवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य लक्ष्य उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाना है। क्या सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक चीनी की मांग 100 लाख मेट्रिक टन हो जायेगी? सन् 1980 से

1985 तक कितना जनरल प्राइस इन्डेक्स है? गन्ने का 1980 से 1985 के बीच प्राइस इन्डेक्स क्या है और गन्ने का दाम सरकार ने पिछले पांच वर्ष में क्या दिया है और आज कितना दे रही है। क्या जनरल प्राइस इन्डेक्स एवं गन्ने के प्राइस इन्डेक्स में कोई सन्तुलन है जब कि सरकार ने औद्योगिक एवं कृषि के सामानों के दामों में संतुलन स्थापित करने की नीति को 12 मार्च 1980 को अपनी केबिनेट की मीटिंग में लिया है। सरकार कृषि एवं औद्योगिक सामानों के दामों में संतुलन स्थापित करने के लिए अपनी नीति के अनुसार क्या कदम उठाने जा रही है। ग्रास नेशनल प्रोडक्ट्स में उद्योग का कितना हिस्सा है एवं कृषि का कितना हिस्सा है एवं कृषि पर आधारित उद्योग का कितना हिस्सा है। गन्ना उत्पादन एवं चीनी उद्योग में राष्ट्रीयकृत बैंक एवं सहकारी बैंक का कितना पैसा लगा है एवं नेशनल इकानामी में गन्ने का क्या योगदान है?

आज हमारे शुगरकेन की रिकवरी विशेषत: उत्तर भारत में आठ प्रतिशत है एवं गन्ने का उत्पादन 12 टन प्रति एकड़ से भी कम होता है तो मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार ऐसे कदम उठा रही है जिससे हमारी कृषि अनुसंधान संस्थाएं, कृषि विश्वविद्यालय ऐसी कोई गन्ने की किस्म निकालेंगी जिसकी रिकवरी 12 प्रतिशत से ज्यादा हो एवं गन्ने का उत्पादन 40 टन प्रति एकड़ हो, उसके बारे में आप क्या कदम उठा रहे हैं? क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस वर्ष पाइरीला की बीमारी के कारण गन्ना किसानों के गन्ने का भारी नुकसान हुआ है जिसके कारण गन्ने का उत्पादन इस साल कम हुआ है? क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि गन्ना किसानों का कितना रुपया मिल-मालिकों पर बकाया है एवं बकाया रुपये का भुगतान मिल-मालिक कब तक करेंगे? क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गन्ना मिल-मालिक उत्पादन का पूरा हिसाब सरकार को नहीं देते हैं एवं चीनी के बड़े हिस्से को चोर-बाजारी में बेचते हैं जिससे कालेधन की अर्थ-व्यवस्था मजबूत होती है?

उपसभापति महोदय, मैं सरकार से दो बातें पूछना चाहता हूं। आपने एक स्टेटयूटरी प्राइस फिक्स की है कि इतने रुपये से कम रुपये किसानों को नहीं दिए जाएंगे। यह स्टेट्यूटरी प्राइस का सिद्धान्त रिकवरी से लिंक है। पहले आपने मिल-मालिकों से कहा था कि लेवी शुगर का 65 प्रतिशत आपको देना पड़ेगा। लेकिन अब आपने एक तरफ तो लेवी शुगर की मात्रा 65 फीसदी से घटाकर 55 फीसदी कर दी है और दूसरी तरफ पहले जो कंज्यूमर को 4 रु० 40 पैसे में आप चीनी देते थे उसको आपने 4 रु० 80 पैसे कर दिया अर्थात् इसमें 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की, लेकिन किसानों को गन्ने का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। 13 रु० क्विंटल गन्ने के दाम 1980 में थे तो पंजाब सरकार ने 26 रु० गन्ने के दाम दिये। अब आप साढ़े 16 रुपये स्टेट्यूटरी प्राइस रखते हैं तो इस हिसाब से गन्ने के दाम 35 रु० रखे जाने चाहिए। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जब केबिनेट ने यह फैसला किया है कि कारखानों में पैदा होने वाली चीजों के दामों में और खेत में पैदा होने वाली चीजों के दामों में पैरिटी होनी चाहिए, संतुलन होना चाहिए तो आप गन्ने के संबंध में यह नियम क्यों नहीं लागू करते हैं? सन् 1980 में लोहे के दाम 300 रु० क्विंटल थे और आज वह 800 रु० क्विंटल हैं। सीमेंट की एक बोरा 70 रु० में मिल रही है। लेकिन गन्ने के दाम 22 रु० और 24 रु० क्विंटल आप रखे हैं। यहां पर पैरिटी का सिद्धान्त कहां रहा है? जब आपने चीनी के दाम 4 रु० 40 पैसे से बढ़ाकर 4 रु० 80 पैसे कर दिये हैं और लेवी शुगर की मात्रा 65 प्रतिशत से घटाकर 55 प्रतिशत कर दी है तो आप किसानों के हित में क्या करने जा रहे हैं? मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की वर्तमान नीति का परिणाम यह होगा कि इस साल सातवीं पंचवर्षीय योजना में चीनी का जितना उत्पादन हुआ है अगले सालों में चीनी का उत्पादन और भी कम होगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की नीति से किसानों को उनके उत्पादन का उचित

[श्री कल्पनाथ राय]

मूल्य मिलना चाहिए। अभी हालत यह है कि किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। आने वाले सालों में आपका चीनी का कंजम्पशन बढ़ेगा। इस साल आपने 450 करोड़ की चीनी विदेशों से मंगाई है। अगर देश में चीनी का उत्पादन कम हुआ, गन्ने का उत्पादन कम हुआ तो आने वाले सालों में आपको और भी अधिक चीनी का आयात करना पड़ेगा।

हिन्दुस्तान जैसे देश में जहां पर गन्ने का उत्पादन इतना हो सकता है कि वह पूरे एशिया को चीनी दे सकता है वहां पर गन्ने के उत्पादन की तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है। आज किसान गन्ने की खेती छोड़कर भाग रहे हैं, खेती नहीं कर रहे हैं। जो किसान वहां रहते हैं वे गांवों को छोड़कर कलकत्ता और बम्बई की तरफ भाग रहे हैं क्योंकि उनको रेमुनरेटिव प्राइस नहीं दी जा रही है। एक तरफ कारखानों में पैदा होने वाली चीजों के दाम घोड़े की रफ्तार से बढ़ रहे हैं और दूसरी तरफ किसान द्वारा पैदा होने वाली चीजों के दाम चींटी की गति से भी नहीं बढ़ रहे हैं और, इसके कारण भारी असंतुलन हो गया है। मैं आज विश्व की महान नेता श्रीमती इंदिरा गांधी को धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने 1980 में कैबिनेट की मीटिंग में नीतिगत निर्णय लिया कि कारखानों में बनने वाली वस्तुओं और खेतों में पैदा होने वाली चीजों के दामों में पैरिटी एस्टेबिलिश की जायेगी। तो मैं जानना चहता हूं कि वर्तमान केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उस पैरिटी को एस्टेबिलिश करने की दिशा में क्या कदम उठाये हैं? उन्होंने इंडीस्ट्रियल चीजों के दामों और खेती में पैदा होने वाली चीजों में क्या पैरिटी एस्टेबिलिश की है? आप सीमेन्ट ले लीजिए, लोहा ले लीजिये डालडा ले लीजिये, कपड़ा ले लीजिये, जो भी चीजें किसान इस्तेमाल करता है, अगर किसान बाजार में सीमेन्ट के लिये जाता है तो उसको एक बोरी सीमेन्ट 70 रुपये में पड़ती है। किसान ने अपना गन्ना दे दिया तो साल भर के बाद उसको पैमेन्ट होगा लेकिन अगर किसान कपड़ा खरीदेगा तो बिना पैसे उसको कपड़ा नहीं मिलेगा, सीमेन्ट लेगा तो बिना पैसे कैसे मिलेगा? बिना पैसे के क्या कोई सामान बाजार में मिल सकता है? आज किसान की हालत यह है कि उनका करोड़ों करोड़ रुपया मिल मालिकों के ऊपर बकाया है। आज हिन्दुस्तान का किसान बाढ़ से तबाह है, सुखाड़ से परेशान है और इसके बावजूद उनको उचित मूल्य न दिया जाये इससे राष्ट्र कैसे आगे बढ़ सकता है। मैं आदरणीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं और राजीव गांधी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने पिछले साल बम्बई अधिवेशन में कहा था कि अब एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन नहीं होगा बल्कि किसानों के हित के लिये एग्रीकल्चर कास्टिंग एंड प्राइस कमीशन होगा। पहले एग्रीकल्चर की कास्टिंग करेंगे और फिर प्राइसिंग करेंगे। यह किसानों के हित में एक बड़ा अच्छा कदम है। लेकिन अभी तक एग्रीकल्चर कास्टिंग एंड प्राइसिंग कमीशन का निर्माण नहीं हुआ है। एग्रीकल्चर प्राइसिंग कमीशन के चेयरमैन क्या कहते हैं:

A former Chairman of **the** Agricultural Prices Commission Mr. Randhir Singh, has called for the dissolution of the Commission on the ground that it has failed to ensure a fair price to the farmers for their produce. He feels that a body failled with bureaucrats and urban-based exports tends to over-emphasise the interests of the consumer and recommends uneconomic prices forgetting that farmers, are also consumers, and that the bogey of inflation is raised periodically to mufflo the farmers' demand for fair prices.

यह एग्रीकल्चर प्राइसिंग कमीशन के चेयरमैन श्री रणधीर सिंह का ब्यान है कि पिछले एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन को डिजाल्व किया जाय, इसको खत्म किया जाय। किसानों को फेयर प्राइस नहीं दी जाती है। यह एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन के चेयरमैन की रिपोर्ट है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि

जो प्रधान मंत्री जी की इच्छा है, जो उनकी मंशा है कि एग्रीकल्चर कास्टिंग एंड प्राइस कमीशन बने और एग्रीकल्चर की चीजों की पहले कास्टिंग हो और फिर उसकी प्राइसिंग हो, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप पहले एग्रीकल्चर कास्ट एंड प्राइस कमीशन बनाइये और उसके बाद आप खुद इसमें इनीशियेटिव लेकर किसानों द्वारा पैदा की जाने वाली चीजों के दामों का वैज्ञानिक ढंग से विश्लेषण करके उसको निर्धारित करने की कोशिश करें। श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार ने 1980 में ही इस निर्णय को ले लिया था कि हम किसानों के खेतों में पैदा होने वाली चीजों और कारखानों में पैदा होने वाली चीजों के दामों में पैरिटी एस्टेबिलिश करेंगे, दोनों में संतुलन पैदा करेंगे। आदरणीय उपसभापति महोदया, इन शब्दों के साथ मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह चीनी मिलों का तत्काल राष्ट्रीयकरण करे। जब तक किसानों की मिलों का राष्ट्रीयकरण नहीं होगा तब तक यह समस्या हल नहीं होगी। आज किसानों के गन्ने के दो रुपये दाम बढ़ा दिये गये।

उपसभापति : कल्पनाथ जी, कन्क्लूड कीजिये।

श्री कल्पनाथ राय : एक मिनट में कन्क्लूड करता हूं।

Statutory price is related to the recovery. Statutory price is related to the levy sugar price which is being given by the capitalist in the levy sugar and that too you have reduced from 65 per cent to 55 per cent. On the other hand, you have Rs. 40 per kilo increase for the consumer. Who is going to be benifited—farmers or capitalists?

तो आपकी नीति कहां है, आपकी नीति की दिशा किधर है ? इसलिये मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस मुल्क में किसानों के ही बेटे सीमाओं पर जाकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं और उन किसानों के ही बेटे खेतों में हल चलाकर अन्नदाता और प्राणदाता बनकर राष्ट्र को अन्न देते हैं। देश की एकता, अखण्डता को कायम रखने का जो नारा देश के नेता श्री राजीव गांधी ने दिया है तो देश के किसान ही, इस मुल्क की एकता को बचा सकते हैं और देश के किसान ही इस मुल्क की अखण्डता के लिए सीमाओं पर अपने खून की नदियां बहा सकते हैं। इसलिए किसानों के हितों की रक्षा की जाए ताकि देश की आजादी मजबूत हो। श्रीमती इन्दिरा गांधी का सपना था एक शक्तिशाली हिन्दुस्तान बने, गांधी जी का सपना था ग्राम स्वराज्य का, ग्राम राज्य का, आदर्श राम राज्य हो, आदरणीय दरबारा सिंह जी फ्रीडम फाइटर हैं... (**व्यवधान**)

उपसभापति : अब आप समाप्त कीजिए। (**व्यवधान**)

श्री कल्पनाथ राय : ग्राम राज्य होगा, किसान राज्य होगा, राम राज्य होगा, इस तरह का हमारा नया देश बनेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं सरकार से मांग करता हूं कि किसान जो अपने खेतों में पैदा करता है उन सभी चीजों का रेमुनरेटिव प्राइस दिया जाए।

उपसभापति : श्री चतुरानन मिश्र जी, मैं आपको यह बता दूं कि इसको डेढ़ बजे से पहले हमने समाप्त करना है।

श्री चतुरानन मिश्र : (बिहार) : उपसभापति महोदया, अभी ईख के रेमुनरेटिव प्राइस के बारे में माननीय सदस्य कल्पनाथ राय जी ने जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किया है मैं उसके समर्थन में ही बोल रहा हूं। अभी पिछले कुछ वर्षों से यह और भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है कि सरकार की नग्न पूंजीवादी नीति के चलते भारत के किसान तबाह हो रहे हैं। भारत के किसान देश को सेल्फ सफिशियेंट बनाना चाहते हैं लेकिन सरकार अपनी नीतियों के चलते देश की आत्म निर्भरता को समाप्त कर रही है। आज जब हम लोग ईख के सवाल पर विचार कर रहे हैं तो पार्लियामेंट के

[श्री चतुरानन मिश्र]

सामने केरल के तमाम विधायक आए हैं क्योंकि नारियल का दाम इतना घट गया है कि यह नारियल उद्योग समाप्त हो रहा है किसान डूब रहे हैं यानी पिछल साल अगर एक नारियल चार रुपये में मिलता था तो अभी एक रुपये में मिल रहा है। यही हालत जूट पैदा करने वाले किसानों की है। उसकी कीमत एक तिहाई पर चली गई है। यही हालत शुगरकेन, गन्ने के बारे में हो रही है। नतीजा यह हो रहा है कि हमारा देश विदेशों से चीनी मंगा रहा है, विदेशों से नारियल तेल हमने मंगाया है, विदेशों से जूट मंगाया। यह सरकार न सिर्फ किसानों को तबाह कर रही है बल्कि भारत की अर्थ-व्यवस्था को चौपट करने के लिए आत्म-निर्भरता की नीति को त्याग रही है। यह अत्यंत ही लज्जाजनक स्थिति है। इस पर गम्भीरता से विचार करने की जरूरत है। अभी मन्त्री महोदय ने जो बयान दिया है उसमें और पहले भी यह आया है कि 40 पैसे प्रति किलो इश्यु प्राइस चीनी का बढ़ा दिया गया है। 40 पैसे इश्यु प्राइस बढ़ाया गया है और गन्ने को कीमत दो रुपये पचास पैसे बढ़ाई गई है। मैं यह जानना चाहता हूं कि जब चीनी की टोटल कीमत अब 4.80 पैसे प्रति किलोग्राम हुई तो बीस पैसे में अगर ढाई रुपया बढ़ता है तो 4.80 पैसे में उसका दाम 30 रुपये होना चाहिये। इसके लिए कोई बड़ा गणित लगाने की जरूरत नहीं है। टोटल प्राइस को आप देख लीजिये। अगर 40 पैसे में, ढाई रुपये बढ़ा तो साफ बात है गन्ने का दाम 30 रुपये हो जाता है फिर मालिक लोगों को चीनी पूंजीपतियों को यह राहत क्यों दी जा रही है सरकार की तरफ से। यह अत्यंत ही दुखद और लज्जाजनक स्थिति है। मैं एक प्रश्न के बारे में भी आपका ध्यान आकर्षित करूंगा। अभी 'इकोनोमिक टाइम्स', 26 नवम्बर में चीनी उद्योग के बारे में उसके रिसर्च ब्यूरो का एक लेख प्रकाशित हुआ है और मन्त्री महोदय ने यह कहा है कि लेवी चीनी के अनुपात को घटा दिया गया है। उसके बारे में उन्होंने कहा है लेकिन दरहकीकत यह है कि वह अनुपात कभी सही लागू नहीं होता। इस विषय में मैं आपको एक उद्धरण पढ़ कर सुनाता हूं।

•This ratio of 65:35 has not been rigidly followed in the recent past. Even if due allowance is made for the incentive scheme under which new sugar units and those expanding their capacity are allowed a higher free sale entitlement- it is clear that the above norm has not been rigidly adhered to."

यानी पहले भी यह नार्म था 65 और 35 का। यह कभी सही ढंग से नहीं माना गया और अभी भी नहीं माना जाएगा। नयी मिलों के लिए सरकार ने छूट दी है एक्सपेंशन के नाम पर भी लेवी शुगर कम कर लेते हैं। दरअसल यह फिर फिफ्टी-फिफ्टी पर आ जाता है। जो पूंजीपति लोग मांग कर रहे थे वही सरकार ने स्वीकार कर लिय खुद पूंजीपतियों ने अपना एक मेमोरडम दिया, मैं समझता हूं शायद मन्त्री महोदय के पास भी होगा। यह लोग टम, शुगर केन की, शुगर पालिसी एट इट्स परसपेक्टिव, इंडियन शुगर मिल्स एसोशिएशन की उसको मैं पढ़कर सुना रहा हूं। उन लोगों ने भी यही मांग की थी कि 50-50 परसेंट दीजिए और एक्चुअली सरकार ने 50-50 परसेंट कर दिया है जैसा कि इक्नामिक टाइम्स के रिसर्च का मैंने सुनाया। लेकिन शुगर मिल्स एसोसियेशन ने भी कहा था कि किसान को गन्ने की कीमत बढ़ाई जाये। मैं उनकी रिकमेंडशन के आइटम नं० 10 को पढ़ रहा हूं।

"With the increase in the statutory cane price to Rs. 18 per quintal . .the corresponding increase in Ihe ex-factory price *ot* sugar per quintal. assuming an average factory free sugar *oi* Rs. 600 per quintal viz. Rs. 7 a kg, the total actual cane price payable under law, that is. as per clause 5 (a) of the Sugar Can* Price Control Order, would come to about, Rs. 26 per quintal of tha can*- "

यानी इन लोगों ने सोचा कि 7 रुपये किलो चीनी बिके तो ये 26 रुपये प्रति क्विंटल दे सकते हैं। हम सभी लोग जानते हैं कि चीनी की कीमत सात रुपये किलो से ज्यादा है। यह फी चीनी की बात है। दिल्ली में भी है और गांवों में चले जाइये तो आठ से दस रुपये किलो चीनी बिक रही है। कहीं भी मंत्री महोदय चाहें तो मैं जाने के लिए तैयार हूं और साबित कर दूंगा कि सात रुपये किलो से ज्यादा बिक रही है। यह सारा रुपया कहां जा रहा है। अपने बयान में कहते हैं भार्गव फार्मूला लेकिन वह है कहां। यह किताबों में है या भाषणों में है। ये तो सारी चीनी चुरा कर बेच लेते हैं और लेवी का परपज ही डिफीट कर देते हैं और इस तरह से (**समय की घंटी**) जो निहित स्वार्थ है उसके लिए ही लगातार यह काम किया जा रहा है। मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि इसका संबंध ढाई करोड़ किसानों से और पौने तीन लाख मजदूरों से है। लेकिन इस कांग्रेस सरकार की पहली उपलब्धि यह रही है, वैसे तो कल्पनाथ राय जी ने सरकार की तारीफ की है लेकिन पहली उपलब्धि कांग्रेस सरकार की चीनी की मार्फत यह रही है कि वह उत्तर भारत से चीनी उद्योग का श्राद्ध कर रही है, अब यह खत्म हो रहा है, भाग रहा है, अंतिम चरण पर है। सरकार के इस चीनी मिल मालिकों के हित में काम करने के चलते ईख का कम्पाउंड रेट आफ एरिया बड़ी तेजी से बिहार, यू०पी०, पंजाब, हरियाणा और आंध्रा में घट रहा है, गन्ने का प्रोडक्शन घट रहा है, गन्ने की प्रोडक्टिविटी घट रही है यही स्थिति पैदा हो रही है। इसलिए यह पहली उपलब्धि है। दूसरी उपलब्धि यह है कि भारत पहले चीनी निर्यात करता था, एक्सपोर्टर था अब वह इम्पोर्टर हो गया है चीनी का, यह भी आपके लिए लज्जाजनक बात है। मैं दूसरी बात आपसे कहना चाहूंगा कि जब चीनी का मूल्य बढ़ता है तो किसान मिलों को ज्यादा गन्ना देने लगता है और जब दाम घट जाता है तो वह खांडसारी की तरफ चला जाता है। ईख का उत्पादन पिछले 10 वर्ष का हम लोग हिसाब लगाकर देखें तो हम लोग देखेंगे कि 81–82 और 82–83 में जब गन्ने की पैदावार बढ़ी, 18 करोड़ 63 लाख 28 हजार से लेकर 18 करोड़ 96 हजार टन के लगभग चली तो मिलों में ज्यादा शुगर केन आने लगा यानी 44–47 परसेंट आने लगा जबकि उनका एवरेज पहले 30 से 33 परसेंट ही था। किसानों को खांडसारी से कोई प्रेम नहीं है। लेकिन आपके मिल मालिकों की तरफ से इतना सताया जाता है कि खांडसारी में मिलों का ऊंचा दाम रहने पर भी वे उनको नहीं देते हैं क्योंकि खांडसारी में कम समय में उनका खेत साफ हो जाता है और दूसरी फसल करने लगते हैं। इसीलिए खांडसारी में ईख जा रही है तो इसका प्रधान कारण यह है कि सरकार उनको उचित मूल्य नहीं दे रही है और इसीलिए ऐसी स्थिति यहां पर पैदा होती है। सरकार और एग्रीकल्चरल प्राइस कमीशन ने गन्ने की कीमत तय करने में इन्टर क्रापों का भी मूल्य जोड़ा है। गन्ने की कीमत तय करने के वक्त दूसरी फसलों का हिसाब उन्होंने लिया, लेकिन हम यह जानना चाहते हैं कि चीनी के दाम फिक्स करने के वक्त में क्या उन्होंने छोआ बगास और छोआ से उत्पन्न स्प्रिट या शराब आदि का मूल्य जोड़ा है? उन्होंने नहीं जोड़ा है। यह बेइंसाफी पूंजीपति लोग कम रिकवरी दिखाकर कम उत्पादन दिखलाते हैं, करों की चोरी करते है, काला धन बनाते हैं और फ्री सेल का तो हमने कहा कि वह 50–50 तक एकचुअली चला आया है।

उपसभापति : आप सवाल पूछिए, यह कालिंग अटैंशन है, इसलिए सवाल पूछिए।

श्री चतुरानन मिश्र : यह सवाल ही है। जवाब तो उन्हीं को देना है। किसानों का जो लागत खर्च होता है उसका वह दाम उनको नहीं मिलता। उनको क्रेडिट सुविधा नहीं है। लेट से सीजन शुरू होता है और समय पर पैसा नहीं मिलता है। आज भी मंत्री महोदय ने कहा है कि 26 करोड़ रुपये से ज्यादा किसानों का बकाया है। कैसा पूंजीवाद

[श्री चतुरानन मिश्र]

चला है कि मुफ्त में गन्ना मिले, मुफ्त में मजदूरी मिले और चीनी मजदूरों को अन्य किसी भी आर्गेनाइज्ड सैक्टर के मुकाबले में मजदूरी 30 पर्सेंट से भी कम है। आर्गेनाइज्ड सैक्टर में जितनी मजदूरी है उसके मुकाबले में यहां 30 से 40 परसेंट कम मजदूरी है। इसलिए किसानों को कोई भी सुविधा नहीं है। जो लेटेस्ट साइंस एण्ड टैक्नोलोजी इजाद होती है वह भी उनको उपलब्ध नहीं कराई जाती है ऐसी भयंकर स्थिति है। अराजकता तो यहां होनी ही है क्योंकि गन्ना है राज्य सरकार के मातहत और चीनी है दिल्ली सरकार की। अजीब बात है मां है कहीं और बेटा है कहीं। इसी ढंग से सारी चीजों को आप तय करेंगे तो यह ठीक नहीं होगा। अंत में निष्कर्ष निकालते हुए मैं प्रश्न पूछना चाहत हूं कि जैसा कि कल्पनाथ राय जी ने भी कहा और मैं उनके इस विचार से पूर्णत: सहमत हूं कि जब तक सरकार चीनी उद्योग को पूरा-पूरा अपने हाथ में नहीं लेगी जब तक सरकार चीनी उद्योग का राष्ट्रीयकरण नहीं करेगी तब तक देश को आत्म-निर्भर बनाना कठिन है और इसीलिए हम विदेशों से भीख भी मांगते रहे हैं और रहेंगे। अब तो ऐसा लगता है कि श्री कल्पनाथ राय जी अपनी पार्टी में अरण्यरोदन ही कर रहे हैं वैसे इसमें भी हम साथ रहेंगे। अब तो प्रश्न उठता है और जो मैंने पहले भी कहा कि मौजूदा स्थिति में यह जरूरी हो गया है कि किसानों का लागत खर्च सही ढंग से आंका जाए और इसके लिए किसानों के गन्ने की कीमत कम से कम सरकार 30 रुपये निर्धारित करे। मैंने पहले कहा कि जो चालीस पैसा इन्होंने चीनी की इश्यू प्राइस को बढ़ाया है उसके हिसाब से जो अढाई रु० गन्ने का दाम बढ़ा है। इस लिहाज से जब 4 रुपये 80 पैसे प्रति क्विंटल का दाम है तो गन्ने की कीमत 30 रुपये निर्धारित होनी चाहिए। इसीलिए मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि क्यों सरकार किसानों को उचित मूल्य नहीं दे रही है? क्यों सरकार शुगर मिल्ज एसोसिएशन ने जो सुझाव रखा है उसको भी नहीं मान रही है? जब यह लेवी घटा दिया गया है जिसका वास्तविक असर यह होगा कि 50-50 का रेश्यो हो जाएगा तब किसानों को उचित मूल्य से महरूम करना होगा बल्कि यह पूंजीपतियों की नग्न सेवा करना है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपने भाषण को समाप्त करता हूं और यह उम्मीद करता हूं कि सरकार गंभीर रूप से इस समस्या पर विचार करेगी कि किसान हमारे देश को सैल्फ सफीश्यिेंट बनाते हैं तो पूंजीपतियों से ला करके सरकार उनके सारे उत्साह को बर्बाद कर रही है। यह अत्यन्त ही घातक नीति है और इसकी मैं सख्त निंदा करता हूं। धन्यवाद।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, Mr. Upendra.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA (Andhra Pradesh): Madam Deputy Chairman, our country .was first in the world in regard to sugar production. But, unfortunately, during the last two or three years, the sugar industry has been in doldrums in this country resulting in hardships not only to the industry, but also to the sugarcane growers.

Madam, the three hundred and fifty-five factories have reported a total loss of about Rs. 800 crores during the last two or three years. Production has declined from 84 lakh tonnes in 1981-82 to 61 lakh tonnes last year While deciding the sugar policy- Madam, our objective should always be to meet the increasing demand for sugar in the country at prices reasonable to the consumers and also to sea that the cane growers also get a reasonable price for their produce and the industry also gets its raw material, namely, sugarcane, in time and in the required quantities and also to improve the productivity in the sugarcane growing areas. But, unfortunately, in all these aspects have failed and the Government has not been able to achieve this objective. The demand for sugar is expected to rise to 96 lakh tonnes by 1989-90. We have already imported 10 lakh tonnes

this year, and according to the present indications we may have to go in for more imports, wasting more foreign exchange. As Mr. Kalpnath Rai has rightly pointed out, there should be an incentive to the farmer, and the minimum statutory price should be at such a level that the actual price will be around Rs. 30. I fully support his demand.

Also, there are some other things to be done. .The Sugarcane Development Fund- which has been created over the years, mostly remains unutilized and the factories which have a linkage of sugarcane acreage want to utilize this for higher productivity and better cultivation. But this fund is not made available to the sugar mills. Similarly ,in research stations etc., there has been a good deal of development in the .better varieties of sugarcane, etc. But the results of such research are not made available to other parts of the country. Wherever it is done, it remains there only.

Then sugarmills have got a bonding policy of sugarcane. But this is not observed; in most cases it ls violated. A big problem nowadays is the diversion of sugarcane to the khandsari and gur units in various parts of the country. I was told that in western Uttar Pradesh the khandsari and gur units paid as much as Rs. 32 per quintal last year. A a result, the sugar mills have been deprived of sugarcane. If you take the statistics in 1984-85, the sugar industry used only 35 per cent of 177 million tonnes of sugarcane grown, whereas the khandsari and gur units used as much as 52 per cent. Therefore, this trend must be arrested in the interests of the sugar industry.

There is also one point, which is a vary sensitive point- but I would like to pose this problem to tbe Minister. In the price of sugar, since 1973-74 there has been an increase of 63 per cent. This increase does not correspond with the increase in prices in regard to various essential commodities like rice, wheat, pulses or edible sils. But who has benefited by this? I do understand nowadays that with the standard of living growing, even the poor people are using sugar. But most of the benefit, I think- has gone to the sweetmeat shop owners who use large quantities of sugar, and also, whatever you distribute through the public distribution system, most of it find's its way through black-marketing to the sweetmeat shop owners. (Time *bell rings).* Therefore, instead of wasting a lot of foreign exchange- the Government may consider whether it is neeessary to put a restriction on the use of sugar by the sweetmeat shop owners. I think some of the friends who eat sweets may be offended by this, but in the overall interest of the country I think some restriction may be necessary also.

Another point is the large arrears which the farmers have to be paid for the sugarcane supplied by them. The State Governments are forced to give loans and advances to the factories to pay these arrears. The State Governments are also forced to pay a support price to make it more remun-°rative because the Union Government fixes a very low rate. The States are required to pay a heavy amount 'n the form of support price. And for this. I feel, the Union Government should subsidise the States to that extent. Whatever amount they are paying to sugar factories to pay to the farmers must be reimbursed by the Union Government. The statutoiy price should be intimated much in advance so that it "an be an incentive to the farmers to grow sugarcane.

Most of the time, it comes during he season ot after the session and it does not help the ' farmers. Therefore. T feel that since t'ne farmer has to make a lot of commitment while growin? sugarcane, the Covernment should announce the price much in advance.

The law requires tha* the statutory price of sugarcane should be fixed bearing four or five points in mind. One is the cost of production of

[Shri Parvathaneni Upendra]

